अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

13 DEC. 2023

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. 12 दिसंबर - सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस**





- यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज दिवस हर साल 12 दिसंबर को मनाया जाता है।
- डब्ल्यूएचओ के अनुसार, यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) का मतलब है कि सभी लोग वित्तीय समस्याओं के बिना, जब और जहां उन्हें जरूरत हो, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी श्रृंखला तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं।
- 2023 की थीम - सभी के लिए स्वास्थ्य: कार्रवाई का समय
- इसमें रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और उपशामक देखभाल से लेकर सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ शामिल हैं। देशों को मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (पीएचसी) की आवश्यकता है।
- 12 दिसंबर 2012 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने देशों से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज लागू करने का आग्रह करने वाले एक प्रस्ताव का समर्थन किया।
- 2017 में, UNGA ने 12 दिसंबर को UHC दिवस के रूप में घोषित किया।

**2. भजन लाल शर्मा को राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना**



- राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में भजन लाल शर्मा (Bhajan Lal Sharma) के नाम की घोषणा कर दी गयी है.
- वह चार बार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव भी रहे.
- 56 वर्षीय शर्मा जयपुर की सांगानेर विधानसभा से पहली बार विधायक बने हैं.
- उन्होंने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को हराया था.

**3. अनुभवी गीतकार और लेखक जावेद अख्तर को अजंता-एलोरा फिल्म फेस्टिवल में पद्मपानी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा**



- अनुभवी गीतकार और लेखक जावेद अख्तर को अजंता-एलोरा फिल्म फेस्टिवल में पद्मपानी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (Padmapani Lifetime Achievement Award) से सम्मानित किया जाएगा.
- उन्हें भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में योगदान के लिए यह अवार्ड दिया जा रहा है.
- वह "जंजीर", "दीवार", "शोले", "डॉन", "काला पत्थर" और "मिस्टर इंडिया" जैसी हिंदी सिनेमा की क्लासिक फिल्मों के सह-लेखक है.
- अजंता-एलोरा फिल्म फेस्टिवल को पहले औरंगाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने नाम से जाना जाता था.

**4. निखिल डे को इंटरनेशनल एंटी करप्शन चैंपियन के रूप में नामित किया**



- निखिल डे को यूएसए द्वारा इंटरनेशनल एंटी करप्शन चैंपियन (International Anti-Corruption Champion) के रूप में नामित किया गया है.
- यूनाइटेड स्टेट्स ब्यूरो ऑफ इंटरनेशनल नारकोटिक्स एंड लॉ एनफोर्समेंट अफेयर्स ने भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे को यह सम्मान दिया.
- निखिल, भारत में 'मजदूर किसान शक्ति संगठन' के सह-संस्थापक भी है.

**5. 'शार अमरतला तोर्ग्या' महोत्सव अरुणाचल प्रदेश राज्य में मनाया**



- 'शार अमरतला तोर्ग्या' महोत्सव (Shar Amartala Torgya Festival) अरुणाचल प्रदेश राज्य में मनाया जाने वाला एक वार्षिक महोत्सव है.
- अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पश्चिम कामेंग जिले में आयोजित इस महोत्सव में भाग लिया.
- प्रदेश का अमरतला (बालेमू) अत्यंत धार्मिक महत्व का स्थान है.

**6. तेलंगाना ने महिलाओं, ट्रांसजेंडरों के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना शुरू की**



- तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने 'महा लक्ष्मी योजना' शुरू की है जो महिलाओं, लड़कियों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए मुफ्त यात्रा प्रदान करती है।
- एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, तेलंगाना सरकार के परिवहन विभाग ने '6 गारंटी-महा लक्ष्मी' योजना शुरू करने की घोषणा की है।
- महा लक्ष्मी योजना की घोषणा कांग्रेस पार्टी ने 18 सितंबर को तेलंगाना के लिए अपने घोषणापत्र में की थी।
- योजना के अनुसार, कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा प्रदान करेगी, साथ ही महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने ₹2500 भी प्रदान करेगी।
- महा लक्ष्मी योजना का उद्देश्य तेलंगाना राज्य की सीमाओं के भीतर राज्य संचालित पल्ले वेलुगु और तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) द्वारा संचालित एक्सप्रेस बसों में लड़कियों, सभी आयु वर्ग की महिलाओं और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को मुफ्त यात्रा प्रदान करना है।

**7. भारतीय नौसेना ने मुंबई तट पर 'प्रस्थान' अभ्यास आयोजित किया**



- भारतीय नौसेना ने अन्य रक्षा राज्य और नागरिक एजेंसियों के साथ, मुंबई तट से दूर, अपतटीय विकास क्षेत्र में दो चरणों वाला अभ्यास 'प्रस्थान' पूरा किया।
- यह अभ्यास, जो हर छह महीने में आयोजित किया जाता है, मुंबई बंदरगाह से लगभग 83 किमी दूर तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के आर12ए (रत्न) प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया गया था।
- तेल उत्पादन प्लेटफार्मों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न आकस्मिकताओं को संबोधित करने के उपायों और प्रक्रियाओं को मान्य करने के लिए 'प्रस्थान' आयोजित किया जाता है।

**8. डोनाल्ड टस्क को पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में किसे चुना**



- पोलैंड की संसद ने डोनाल्ड टस्क (Donald Tusk) को प्रधान मंत्री के रूप में चुना है.
- दो महीने पहले हुए चुनावों में गठबंधन की जीत के बाद टस्क सत्ता में आए है.
- संसद के 460 सीटों वाले निचले सदन में टस्क के समर्थन में 248 संसदीय वोट पड़े.
- पोलैंड एक मध्य यूरोपीय देश है, इसकी राजधानी वॉरसॉ है.

**9. संयुक्त सैन्य अभ्यास "विनबैक्स-2023 का आयोजन भारत और वियतनाम के मध्य आयोजित किया**



- भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी संयुक्त सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स-2023' (VINBAX-2023) के लिए हनोई पहुंच गयी है.
- विनबैक्स के चौथे संस्करण का आयोजन हनोई, वियतनाम में किया जा रहा है.
- विनबैक्स एक्सरसाइज भारत और वियतनाम देश के बीच आयोजित किया जाता है.
- इस बार यह अभ्यास 11 से 21 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है.
- अभ्यास 'विनबैक्स साल 2018 में शुरू किया गया था.

10. **सियाचिन ऑपरेशनल पोस्ट पर पहली महिला मेडिकल ऑफिसर तैनात: कैप्टन फातिमा वसीम को मिली जिम्मेदारी**



- सियाचिन ऑपरेशनल पोस्ट पर पहली महिला मेडिकल ऑफिसर तैनात: 15 हजार फीट की ऊंचाई पर पोस्टिंग, कैप्टन फातिमा वसीम को मिली जिम्मेदारी
- सियाचिन ग्लेशियर में सेना की ऑपरेशनल पोस्ट पर पहली बार महिला मेडिकल ऑफिसर की तैनाती की गई है।
- कैप्टन फातिमा वसीम को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी पोस्टिंग 15 हजार 200 फीट की ऊंचाई पर होगी।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज दिवस हर साल किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 12 दिसंबर
(b) 13 दिसंबर
(c) 9 दिसंबर
(d) 10 दिसंबर

**2. राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में किसे चुना गया है?**
(a) वसुंधरा राजे
(b) राजनाथ सिंह
(c) बालक नाथ
(d) भजन लाल शर्मा

**3. पद्मपानी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किसे सम्मानित किया जायेगा?**
(a) अमिताभ बच्चन
(b) जावेद अख्तर
(c) आशा भोसले
(d) रजनीकांत

**4. इंटरनेशनल एंटी करप्शन चैंपियन के रूप में किसे नामित किया गया है?**
(a) निखिल डे
(b) प्रीति देसाई
(c) इंदिरा नुई
(d) विक्रम सिन्हा

**5. वार्षिक 'शार अमरतला तोर्ग्या' महोत्सव प्रतिवर्ष किस राज्य में मनाया जाता है?**
(a) असम
(b) अरुणाचल प्रदेश
(c) मेघालय
(d) मणिपुर

**6. निम्नलिखित में से किस राज्य ने 'महा लक्ष्मी योजना' शुरू की है जो महिलाओं, लड़कियों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए मुफ्त यात्रा प्रदान करती है?**
(a) केरल
(b) तमिलनाडु
(c) आंध्र प्रदेश
(d) तेलंगाना

**7. निम्नलिखित में से किसके द्वारा मुंबई तट पर 'प्रस्थान' अभ्यास आयोजित किया गया है?**
(a) भारतीय सेना
(b) भारतीय वायु सेना
(c) भारतीय नौसेना
(d) भारतीय तट रक्षक

**8. पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में किसे चुना गया है?**
(a) बीटा स्ज़ाइड्लो
(b) डोनाल्ड टस्क
(c) आंद्रेज डुडा
(d) इनमें से कोई नहीं

**9. संयुक्त सैन्य अभ्यास "विनबैक्स-2023 का आयोजन भारत और किस देश के मध्य आयोजित किया जा रहा है?**
(a) फ्रांस
(b) वियतनाम
(c) मलेशिया
(d) मंगोलिया

**10. सियाचिन ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर कौन बनी है?**
(a) कैप्टन शेरिंग ताशी
(b) कैप्टन फातिमा वसीम
(c) कैप्टन तबस्सुम खान
(d) इनमे से कोई नही

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (d) | (b) | (a) | (b) | (d) | (c) | (b) | (b) | (b) |